नाम ......आमनदीप......  अनुक्रमांक ..................

# वार्षिक परीक्षा—2023

## सामान्य हिन्दी

## कक्षा—11

A1-XI–सा. हिन्दी

समय : 3 घण्टे 15 मिनट ]  [ पूर्णांक : 100

निर्देश— (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है।

### खण्ड—'क'

1. हिन्दी गद्य साहित्य के इतिहास पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए—

(क) 'कविवचन सुधा' पत्रिका के सम्पादक हैं— 1

(अ) महावीरप्रसाद द्विवेदी (ब) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(स) गुलाबराय (द) कमलेश्वर।

(ख) 'चिन्तामणि' के रचनाकार है— 1

(अ) गुलाबराय (ब) बालकृष्ण भट्ट
(स) प्रेमचन्द (द) रामचन्द्र शुक्ल।

(ग) 'मैला आँचल' के रचनाकार हैं—

(अ) अज्ञेय (ब) सरदार पूर्णसिंह
(स) फणीश्वरनाथ 'रेणु' (द) रामचन्द्र शुक्ल।

(घ) खड़ी बोली गद्य की प्रथम रचना है— 1

(अ) कविवचन सुधा (ब) कामायनी
(स) चिदम्बरा (द) गोरा बादल की कथा।

(ङ) 'गोदान' उपन्यास के लेखक हैं— 1

(अ) यशपाल (ब) प्रेमचन्द (स) जैनेन्द्र (द) नगेन्द्र।

2. हिन्दी काव्य साहित्य के इतिहास पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए— 1

(क) 'अमीर खुसरो' कवि हैं— 1

(अ) आदिकाल के (ब) भक्तिकाल के
(स) रीतिकाल के (द) आधुनिक काल के।

(ख) हिन्दी का प्रथम महाकाव्य है— 1

(अ) खुमान रासो (ब) पृथ्वीराज रासो
(स) साहित्य लहरी (द) साकेत।

(ग) निम्नलिखित में से कौन-सा भक्तिकाल का महाकाव्य है— 1

(अ) साकेत (ब) कामायनी
(स) पृथ्वीराज रासो (द) रामचरितमानस।

(घ) महाकवि भूषण की रचना है— 1

(अ) रेणुका (ब) छत्रसाल दशक
(स) दीपशिखा (द) कामायनी।

P.T.O.

PDF Hindustanknowledge.com

(ङ) 'बिहारी सतसई' की भाषा है— 1

(अ) ब्रजभाषा (ब) अवधी भाषा (स) खड़ी बोली (द) भोजपुरी।

3. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2×5=10

सब उन्नतियों का मूल धर्म है। इससे सबसे पहले धर्म की ही उन्नति करनी चाहिए। देखो अंग्रेजों की धर्म नीति राजनीति परस्पर मिली हैं, उससे उनकी दिन-दिन कैसी उन्नति है। उनको जाने दो, अपने ही यहाँ देखो। तुम्हारे यहाँ धर्म की आड़ में नाना प्रकार की नीति समाज-गठन वैद्यक आदि भरे हुए हैं।

(क) पाठ का शीर्षक व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) लेखक के अनुसार हमारे सारे कार्य किसके अनुसार होने आवश्यक हैं ?

(ग) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(घ) लेखक के अनुसार धर्म का आशय किस प्रकार के आचरण से है ?

(ङ) अंग्रेजों की 'धर्मनीति' के सम्बन्ध में भारतेन्दु जी क्या कहते हैं ?

**अथवा**

मौन रूपी व्याख्यान की महत्ता इतनी बलवती, इतनी अर्थवती इतनी प्रभावशाली होती है कि उसके सामने क्या मातृभाषा, क्या साहित्य भाषा और क्या अन्य देश की भाषा, सबकी सब तुच्छ प्रतीत होती है। अन्य कोई भाषा दिव्य नहीं, केवल आचरण की मौन भाषा ही ईश्वरीय है। विचार करके देखो, मौन व्याख्यान किस तरह आपके हृदय की नाड़ी नाड़ी में, सुन्दरता को पिरो देता है। वह व्याख्यान ही क्या जिसने हृदय की धुन को मन के लक्ष्य को ही न बदल दिया।

(क) पाठ का शीर्षक व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) आचरण की मौन भाषा का प्रत्यक्ष प्रभाव किस पर पड़ता है ?

(घ) कौन-सा काव्य व्याख्यान कहलाने का अधिकारी होता है।

(ङ) आचरण की मौन भाषा के समक्ष मातृभाषा आदि की क्या स्थिति होती है ?

4. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2×5=10

हेरत-हेरत हे सखी, रहा कबीर हिराय।
बूँद समानी समद में, सो कत हेरी जाय॥

(क) प्रस्तुत दोहे के शीर्षक व कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) प्रस्तुत साखी में कबीर ने किसका वर्णन किया है।

(घ) जीवात्मा रूपी सखी से कबीर क्या कह रहा है ?

(ङ) कबीर किस उदाहरण के माध्यम से अपनी बात को स्पष्ट कर रहे हैं ?

**अथवा**

अँखियाँ हरि दरसन की भूखी।
कैसे रहति रूप रस राँची, ये बतियाँ सुनि रूखी॥
अवधि गनत, इकटक मग जोवत, तब इतनौ नहिं झूखी।
अब यह जोग संदेसौ सुनि-सुनि अति अकुलानी दूखी॥

(क) प्रस्तुत पद का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) गोपियाँ किसके दर्शन की भूखी हैं।

(ग) गोपियाँ टकटकी लगाकर क्या देख रही हैं ?

(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ङ) किसके योग के सन्देश को सुनकर गोपियाँ दुखी हैं।

PDF-Hindustanknowledge.com

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक के जीवन परिचय व रचनाओं का उल्लेख कीजिए– 3 + 2 = 5

(अ) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी (ब) सरदार पूर्णसिंह
(स) डॉ. सम्पूर्णानन्द।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय व रचनाएँ लिखिए– 3 + 2 = 5

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (स) महाकवि भूषण।

6. बलिदान अथवा आकाशदीप कहानी का सारांश लिखिए। 5

7. 'स्वपठित' नाटक के प्रथम अंक का कथानक लिखिए। **अथवा** 5
'स्वपठित' नाटक की नायक/नायिका का चरित्र-चित्रण कीजिए।

## खण्ड–'ख'

8. (क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए– 2 + 5 = 7

राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचारे संलग्नं हिन्दी साहित्यसम्मेलनम् अत्र स्थितम्। अत्रैव च अनेक सहस्रसंख्यैः देशविदेश विद्यार्थिभिः परिवृतः विविध विद्यापारङ्गतैः विद्वद्वरेण्यैः उपशोभितः च प्रयाग विश्वविद्यालयः भरद्वाजस्य प्राचीन गुरुकुलस्य नवीन रूपमिव शोभते।

**अथवा**

अस्योपत्यकासु सुदीर्घः वनराजयो विराजन्ते, यत्र विविधाः ओषधयो वनस्पतयस्तरवश्च तिष्ठन्ति। इमाः ओषधयः जनान् आमयेभ्यो रक्षन्ति, तरवश्च आसन्द्यादि गृहोपकरणनिर्माणार्थं प्रयुज्यन्ते। हिमालयः वर्षतौ दक्षिण समुद्रेभ्यः समुत्थिता मेघमाला अवरुध्य वर्षणाय ता प्रवर्तयति।

(ख) निम्नलिखित संस्कृत श्लोकों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए– 2 + 5 = 7

अक्रोधनः सत्यवादी भूतानामविहिंसकः।
अनुसूयुरजिह्मश्च शतं वर्षाणि जीवति॥

**अथवा**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

9. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखते हुए उसका वाक्यों में प्रयोग कीजिए– 2

(क) काठ का उल्लू होना (ख) गागर में सागर भरना (ग) आँखों का तारा होना।

10. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए–

(i) 'वर्षर्तु' का सन्धि-विच्छेद है– 1

(अ) वर्षा + ऋतु (ब) वर्षर + ऋतु
(स) वर्ष + अर्तु (द) वर्षा + रितु।

(ii) 'नयनम्' का सन्धि-विच्छेद है– 1

(अ) नय + नम (ब) नइ + नम
(स) नय + अनम् (द) ने + अनम्।

(iii) 'सुरेश' का सन्धि-विच्छेद है– 1

(अ) सुरे + शः (ब) सुर + ईश (स) सु + रेश (द) सुर + इश।

(ख) दिये गये शब्दों की विभक्ति और वचन के अनुसार उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए– 1+1=2

P.T.O.

PDFHindustanknowledge.com

(i) नामसु—
(अ) तृतीया विभक्ति, एकवचन (ब) द्वितीया विभक्ति, बहुवचन
(स) पंचमी विभक्ति, द्विवचन (द) सप्तमी विभक्ति, बहुवचन।

(ii) आत्मा—
(अ) द्वितीया, बहुवचन (ब) पंचमी, एकवचन
(स) प्रथमा, एकवचन। (द) पंचमी, बहुवचन

(क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए— 1+1=2

(i) अविराम-अभिराम—
(अ) लगातार और रुचिकर (ब) विना रोक के और सुन्दर
(स) अनवरत और आकर्षक (द) सुन्दर और आकर्षक।

(ii) जलज-जलद— 1+1=2
(अ) बादल और कमल (ब) कमल और तालाब
(स) कमल और बादल (द) तालाब और कमल।

(ख) (i) 'गुरु' किस अर्थ में प्रयोग नहीं होता— 1+1=2
(अ) शिक्षक (ब) बड़ा
(स) भारी (द) भार।

(ii) 'नाक' का अर्थ नहीं है— 1+1=2
(अ) नरक (ब) स्वर्ग
(स) नासिका (द) इज्जत।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए— 1+1=2

(i) पृथ्वी से सम्बन्धित—
(अ) पार्थिव (ब) धरित्री
(स) पृथ्वीक (द) पृथु।

(ii) किसी टूटी हुई वस्तु का अवशेष—
(अ) भग्नावशेष (ब) खण्डहर
(स) खण्डित (द) खण्डवस्तु।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए— 1+1=2
(अ) शेर चिंघाड़ रहा है।
(ब) मैं पुस्तक पढ़ा हूँ।
(ग) वृक्षों पर कोयल बैठी है।
(घ) राम और सोहन जाता है।

12. (क) 'वीर रस' अथवा 'करुण रस' की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2
(ख) 'यमक' अथवा 'उपमा' अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2
(ग) 'चौपाई' अथवा 'दोहा' छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

13. अपने जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अपने क्षेत्र में होने वाली गुण्डागर्दी के सम्बन्ध में एक पत्र लिखिए। 6

अथवा

अपने निकट की बैंक के शाखा प्रबन्धक को उच्च शिक्षा हेतु ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदन-पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए— 9
(अ) स्वच्छ भारत अभियान (ब) मेरा प्रिय कवि, तुलसीदास
(स) साहित्य और समाज (द) शिक्षा में खेलकूद का स्थान।

●●

PDF.Hindustanknowledge.com